संपादकीय

# कोई नई पार्टी नहीं जुड़ रही है इंडिया में

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर के हो रही है। कांग्रेस, शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट इस बैठक की तैयारियों में जुटा है। उद्धव, शरद पवार और अशोक चव्हाण ने तैयारियों को लेकर बैठक की है। अभी तक की जानकारी के हिसाब से कोई नई पार्टी इस बार नहीं जुड़ रही है। ध्यान रहे बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक में 10 से ज्यादा नई पार्टियां शामिल हुई थीं। पटना की पहली बैठक में 17 पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से 15 पार्टियों के नेता शामिल हुए थे। बेंगलुरू में यह संख्या बढ़ कर 26 हो गई। उसके बाद से अंदाजा लगाया जा रहा था कि विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक तक सहयोगी पार्टियों की संख्या में कुछ इजाफा हो सकता है। लेकिन अभी तक किसी नई पार्टी के जुड़ने की खबर नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले महीने 18 जुलाई को विपक्षी गठबंधन की बैठक के दिन ही दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की बैठक हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की थी। उसमें 38 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। हालांकि ज्यादातर पार्टियां बहुत छोटी थी और उनके नेताओं की पहचान अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर नहीं थी। लेकिन भाजपा ने यह मैसेज बनवाया था कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से बड़ा उसका कुनबा है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी एनडीए के सभी घटक दलों के सांसदों से मिले और भाजपा ने सभी घटक दलों के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया। तभी कहा जा रहा था कि कांग्रेस और उसके सहयोगी भी कुछ छोटी पार्टियों को जोड़ेंगे। जैसे बिहार से पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी को बुलाए जाने की चर्चा थी। उन्होंने बेंगलूरू में नहीं बुलाए जाने पर नाराजगी भी जताई थी। लेकिन लगता है कि उनके बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर से भी कोई पार्टी नहीं जुड़ रही है। उत्तर प्रदेश की कई छोटी पार्टियां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ लडी थीं लेकिन इस बार सब भाजपा से तालमेल की संभावना देख रहे हैं। तभी कहा जा रहा है मुंबई में विपक्षी पार्टियों की बैठक में 26 पार्टियां हिस्सा लेंगी, जिनके करीब 80 नेता बैठक में शामिल होंगे। पांच राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे, जिनमें दो मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के होंगे। उनके अलावा पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, तमिलनाडु के एमके स्टालिन और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

# नीरज चोपड़ा ने फिर रचा इतिहास, विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले बने पहले भारतीय

**बुडापेस्ट।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए । उन्होंने पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88 . 17 मीटर के थ्रो के साथ यह उपलब्धि हासिल की।

भालाफेंक फाइनल में भारत का इस कदर दबदबा था कि शीर्ष छह में तीन भारत के खिलाड़ी थे और ऐसा विश्व चैम्पियनशिप में पहली बार हुआ है कि शीर्ष आठ में तीन भारतीय रहे हों। किशोर जेना रविवार की देर रात हुए फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 84 . 77 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका । वहीं डी पी मनु छठे स्थान पर रहे जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 84 . 14 मीटर का था।




25 वर्ष के चोपड़ा ने पहला प्रयास फाउल रहने के बाद दूसरे में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका । इसके बाद उन्होंने 86 . 32 मीटर, 84 . 64 मीटर , 87 . 73 मीटर और 83 . 98 मीटर के थ्रो फेंके।

पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87 . 82 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत और चेक गणराज्य के याकूब वालेश ने कांस्य पदक जीता जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86 . 67 मीटर का था।

चोपड़ा ने फाउल के साथ शुरू किया लेकिन दूसरे प्रयास में बढत बनाई जो अंत तक कायम रही। पाकिस्तान के नदीम भी तीसरे दौर के बाद दूसरे स्थान पर आ गए और आखिर में पहले दो स्थान इन्हीं दोनों को मिले।

निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले चोपड़ा दूसरे भारतीय बन गए । बिंद्रा ने 23 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियनशिप और 25 वर्ष की उम्र में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

तोक्यो में 2021 ओलंपिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा पहले भारतीय बने । उन्होंने 2022 में यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।

उनसे पहले लंबी कूद में अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 में पेरिस विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व खिताब जीतने वाले वह तीसरे भालाफेंक खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी और नॉर्वे के आंद्रियास टी यह कारनामा कर चुके हैं। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक खिताब जीते जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप जीती थी। आंद्रियास ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप जीते थे।

अब चोपड़ा के नाम खेल के सारे खिताब हो गए हैं । उन्होंने एशियाई खेल (2018), राष्ट्रमंडल खेल (2018) स्वर्ण के अलावा चार डायमंड लीग खिताब और पिछले साल डायमंड लीग चैम्पियन ट्रॉफी जीती।

वह 2016 में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे और 2017 में एशियाई चैम्पियनशिप खिताब जीता।

इस बीच एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम फाइनल में पांचवें स्थान पर रही।

भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने फाइनल में दो मिनट 59 . 92 सेकंड का समय निकाला।

पारूल चौधरी ने नौ मिनट 15 . 31 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया लेकिन महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में 11वें स्थान पर रही। इससे पहले रिकॉर्ड ललिता बाबर (9 :19.76) के नाम था जो 2015 विश्व चैम्पियनशिप में आठवें स्थान पर रही थी।

चैम्पियनशिप के आखिरी दिन चोपड़ा के स्वर्ण ने भारतीय खेमे में खुशी की लहर भर दी । चोपड़ा, जेना, मनु, पारूल, पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम और जेस्विन एल्ड्रिन ( लंबी कूद फाइनल में 11वां स्थान) के अलावा बाकी भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर और 3000 मीटर स्टीपलचेस में अविनाश साबले पदक के दावेदार थे लेकिन फाइनल के लिये भी क्वालीफाई नहीं कर सके।

पिछली बार विश्व चैम्पियनशिप में चोपड़ा को ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने हराया था । उस समय चोपड़ा ने 88 . 13 मीटर के साथ रजत पदक जीता था।

## बंद हो रही फेसबुक की मैसेंजर लाइट ऐप सर्विस, सितंबर से नहीं कर पाएंगे यूज

**नई दिल्ली ।** मेटा ओन्ड प्लेटफॉर्म की तरफ से मैसेंजर के हल्के वर्जन को बंद किया जा रहा है, जिसे मैसेंजर लाइट ऐप के नाम से जाना जाता है। इस ऐप को एंड्रॉइड डिवाइस के लिए अगले माह से बंद किया जा रहा है। तो मैसेंजर लाइट ऐप को पहले ही गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है। लेकिन जिन यूजर्स के स्मार्टफोन में मैसेंजर लाइट ऐप पहले से मौजूद हैं, उनके लिए ऐप सपोर्ट 18 सितंबर 2023 से बंद कर दिया जाएगा। मेटा जिसे पहले तक फेसबुक के नाम से जाना जाता था। उसकी की तरफ से मैसेंजर लाइट ऐप को साल 2016 में पेश किया गया था। यह ऐप यूजर्स के बीच काफी पॉपुलर था। इस ऐप के चलने से डिवाइस की परफॉर्मेंस और स्टोरेज पर खास फर्क नहीं पड़ता है। मैसेंजर लाइट को आईओएस के लिए भी लॉन्च किया गया था। लेकिन इसे साल 2020 में बंद कर दिया गया था। रिपोर्ट की मानें, तो मैसेंजर लाइट को दुनियाभर में करीब 760 मिलियन लोगों ने डाउनलोड किया था।

## भारतीय पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम रही पांचवें स्थान पर

**बुडापेस्ट।** एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम फाइनल में पांचवें स्थान पर रही।




भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने रविवार देर रात खेले गए फाइनल में दो मिनट 59 . 92 सेकंड का समय निकाला।

अमेरिकी टीम को स्वर्ण, फ्रांस को रजत और ब्रिटेन को कांस्य पदक मिला जबकि जमैका की टीम चौथे स्थान पर रही।

इससे पहले भारतीय टीम ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2:58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके सभी को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनायी थी।

प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है।

एशियाई रिकॉर्ड दो मिनट 59.51 सेकेंड का था जो जापान की टीम के नाम था। भारतीय टीम ने 59 .05 सेकंड के अंतर से यह रिकॉर्ड तोड़ा था । इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2021 में 3:00.25 के समय से बना था।

भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्डधारी अमेरिकी चौकड़ी को कड़ी चुनौती दी और उनके करीब दूसरे स्थान पर रही थी।

भारत दो हीट में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था । इस तरह वह मजबूत ब्रिटेन (2:59.42) और जमैका (2:59.82) से आगे रहा जिन्होंने क्रमश: तीसरा और पांचवां स्थान हासिल किया।

# भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में होगा शामिल : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले के तहत सरकारी विभाग और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। युवाओं को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा, भारत इस दशक में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। जब मैं गारंटी देता हूं तो मैं इसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाता भी हूं।



9 साल पहले आज ही के दिन शुरू की गई जन धन योजना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमने आज ही के दिन नौ साल पहले जन धन योजना शुरू की थी। वित्तीय लाभ के अलावा, इस योजना ने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खाद्य से लेकर फार्मा तक, अंतरिक्ष से लेकर स्टार्टअप तक, किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सभी क्षेत्रों का विकास करना आवश्यक है। फार्मा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और यह आने वाले दिनों में रोजगार के बड़े अवसर पैदा करेगा। ऑटोमोबाइल उद्योग भी बहुत तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में ये दोनों इंडस्ट्री और भी विकसित होने वाली हैं। 2030 तक पर्यटन क्षेत्र का भारतीय अर्थव्यवस्था में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान होने की संभावना है। यह 13-14 करोड़ नई नौकरियां पैदा कर सकता है।

मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए नए रास्ते खोलने के लिए अर्धसैनिक बलों की भर्ती प्रक्रिया में भी कई बदलाव किए गए हैं। मोदी ने कहा, इन दिनों फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के महत्व पर बहुत चर्चा हो रही है। भारत का फूड प्रोसेसिंग मार्केट पिछले साल 26 लाख करोड़ रुपये का था। अगले तीन सालों में यह क्षेत्र 35 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि देश मोबाइल फोन के साथ-साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर भी फोकस कर रहा है। प्रधान मंत्री ने बताया, हम आईटी हार्डवेयर उत्पादन क्षेत्र में वही सफलता दोहराने वाले हैं जैसे हमने मोबाइल फोन क्षेत्र में हासिल की थी।

## ई-कॉमर्स उद्योग में बढ़ेगी सात लाख गिग नौकरियां, फेस्टिव सीजन में बढ़ी अस्थायी कर्मचारियों की डिमांड

**नई दिल्ली।** साल 2023 की दूसरी छमाही में ई-कामर्स उद्योग में सात लाख गिग नौकरियां सृजित हो सकती हैं। इसका कारण यह है कि कंपनियां त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अस्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ा रही हैं।



**त्योहारी सीजन में गिग नौकरियों की संख्या में होगी बढ़ोतरी-** स्टाफिंग कंपनी टीमलीज सर्विसेज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कामर्स कंपनियों त्योहारी सीजन से पहले वार्षिक खरीदारी के दौरान उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए कमर कस रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष त्योहारी सीजन में पिछले वर्ष के मुकाबले गिग नौकरियों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

**इन शहरों में गिग वर्कर्स की बढ़ेगी मांग-** इससे संकेत मिलता है कि ई-कामर्स उद्योग परिदृश्य को लेकर काफी आशावादी है। फेस्टिव सीजन के दौरान न केवल बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई जैसे टियर-1 शहरों में गिग वर्कर्स की मांग बढ़ेगी, बल्कि वड़ोदरा, पुणे और कोयंबटूर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी इनकी संख्या में वृद्धि होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़े शहरों के मुकाबले छोटे शहरों में वेयर हाउस संचालन, अंतिम पायदान तक डिलिवरी और कॉल सेंटर संचालन से जुड़े लोगों की मांग ज्यादा है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मांग के वापस लौटने का अनुमान है।

**अगले 2-3 वर्षों में गिग वर्कर्स की मांग में होगी बढ़ोतरी: बालासुब्रमण्यन-** टीमलीज सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट बालासुब्रमण्यन का कहना है कि बीते पांच वर्षों से गिग वर्कर्स की मांग में वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और यह तेजी अगले 2-3 वर्षों तक बने रहने की उम्मीद है।

## हिंदी सिनेमा में सलमान खान को हुए 35 साल पूरे

सुपरस्टार सलमान खान ने हिंदी सिनेमा में 35 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर सलमान खान फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया।



इंस्टाग्राम पर प्रोडक्शन हाउस ने कैप्शन के साथ एक छोटी क्लिप शेयर की, सिनेमा के साथ सलमान खान के रोमांस के 35 साल, एक्शन से भरी जर्नी और एक विरासत जो जारी रहेगी।

इंडस्ट्री में उनके 35 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए, सलमान खान फिल्म्स ने एक वीडियो असेंबल पोस्ट किया, जिसमें शुरूआत से लेकर वर्तमान तक की उनकी पूरी जर्नी को दिखाया गया।

इसमें उनकी कुछ सबसे आइकोनिक फिल्मों जैसे प्यार किया तो डरना क्या, वांटेड, दबंग, सुल्तान, बॉडीगार्ड और टाइगर के क्लिप शामिल हैं, जिसमें उनके कुछ सबसे पॉपुलर डायलॉग और क्लिप शामिल हैं।


दबंग स्टार ने 1988 में फिल्म बीवी हो तो ऐसी में सपोर्टिंग रोल के जरिए भारतीय मनोरंजन उद्योग की दुनिया में अपनी जर्नी शुरू की।

लेकिन, एक्टर को फिल्म मैंने प्यार किया से लोकप्रियता मिली। इसके बाद उन्होंने करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन, हम साथ-साथ हैं, बीवी नंबर 1 और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई अन्य फिल्मों के साथ आगे बढ़े।

उन्होंने बॉडीगार्ड, दबंग, टाइगर, वांटेड और किक समेत कई अन्य फिल्में कर लोगों के दिलों में जगह बनाई।

## सालार में होगा यश का धांसू कैमियो, प्रशांत नील की यूनिवर्स का है हिस्सा


केजीएफ की दो कडियों से पूरे भारत में अपनी अलग पहचाने बनाने वाले अभिनेता यश इन दिनो नितेश तिवारी द्वारा बनाई जाने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि तिवारी ने यश को इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने के लिए सम्पर्क किया। इन यश का लुक टेस्ट किया जा रहा है। हालांकि अभी तक यह आधिकारिक नहीं हो पाया है कि यश रावण बनेंगे या नहीं। लेकिन अब यश को लेकर जो चर्चा हो रही है वह यह है कि केजीएफ



निर्देशक प्रशांत नील उन्हें अपनी अगली फिल्म सालार में कैमियो भूमिका में लेकर आने वाले हैं। जिस वक्त से इस मूवी का ऐलान हुआ था, तभी से चर्चा है कि ये मूवी निर्देशक प्रशांत नील के केजीएफ यूनिवर्स का हिस्सा होगा।

## 'अवियल' को कर सकते हैं घर में आसानी से ट्राई

**विधि :**



- सबसे पहले नारियल को दरदरा पीस लें। इसके बाद इसमें जीरा, करी पत्ता और कुछ हरी मिर्च डाल लें।
- इसके बाद सहजन, जिम्मीकंद, गाजर, बीन्स और सीताफल को डेढ़ इंच लम्बाई टुकड़े में काट लें। सारी सब्जियों को एक साइज में काटें।
- कच्चे केले को छील लें और इसे भी एक बराबर टुकड़ों में काट लें।
- पैन में पानी लें और इसमें सब्जियां डालकर थोड़ा नरम हो जाने दें।
- फिर इसमें हल्दी, करी पत्ता, लंबी कटी हुई हरी मिर्च और स्वादानुसार नमक डालें।
- अब बारी है इसमें नारियल पेस्ट डालने की और फिर इसे 15 मिनट के लिए धीमी आंच पर पकाएं।
- गर्मागर्म सर्व करें।

## पूड़ी के साथ ट्राई करें 'छोटे भरवां आलू'


**विधि :**

- एक छोटी कटोरी में धनिया, जीरा, अमचूर, काला नमक मिलाएं। जरा सा पानी डालें और पेस्ट तैयार करें।
- आलू को नमक मिले खौलते पानी में डालें और आंच बंद कर दें।
- 20 मिनट तक पानी में ही रखा रहने दें।
- आलू से पानी निथार लें।
- हर आलू के बीचोंबीच चाकू से कट लगाएं, - इसके बीच में मसाला पेस्ट डालें।
- तेल गरम करें। जीरा और हींग चटकाएं।
- हल्दी डालें और आलू डालें।
- मीडियम आंच पर भूनते हुए पकाएं।
- सबसे बाद में कसूरी मेथी बुरकें।
- कुछ देर और भूनें और आंच से उतार लें।
- इसे पूड़ी, परांठे या दाल-चावल के साथ परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 169

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 168 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 169

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 168 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा। अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से खर्चे करें। ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा, पूरा दिन मौज मस्ती में बीतेगा।

***वृष:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी काम में परिवार के लोगों का साथ मिलेगा, जिससे आपकी उलझन कम होंगी। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं तो आपको आज अधिक फायदा होगा।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। स्कूल टीचर से आपकी मुलाकात होगी। दोस्तों के साथ शाम को कॉफी पीने का प्लान बनाएंगे। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। बिसनेसमैन किसी दूसरी कंपनी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। आपके मन में कोई बात लेकर उलझने होंगी, दोस्तों से उसे शेयर कर सकते हैं। विद्यार्थी कॉलेज प्रोजेक्ट बनाने में बिजी रहेंगे।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपकी नयी जॉब के योग बन रहे हैं। कई दिनों से मन में चल रही कोई उलझन आज जीवनसाथी से शेयर करने से समाप्त हो जाएगी।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस के दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। घर के किसी काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी को दिए रुपए आज आपको वापस मिलेंगे। काम के सिलसिले में दोस्त का घर आना हो सकता है। दांपत्य रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे को समझें।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। गलत सलाह देने वाले लोगों की संगति से दूर रहें और अच्छाइयों को अपनाएं जिससे आपका जीवन और अधिक सुंदर बनेगा।

***मकर:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस में तरक्की होने के योग बने हुए है। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको किसी काम में कम मेहनत से अधिक लाभ मिलेगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर से सलाह मिलेगी।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक हासिल होंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को डिनर के लिए किसी रेस्टोरेंट ले जाएंगे, जिससे आपसी ताल-मेल बढ़ेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे और नए कामों की शुरुआत करने का मन बनाएंगे।